तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 सड़क हादसे में घायल युवक को विधायक ने पहुंचाया अस्पताल





12 बदली परिस्थितियों में यूनियन नेताओं को ...




## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार जब्त युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने व धमकी वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर कृषि उपज मंडी दुर्ग के पास बाम्बे आवास उरला निवासी दीपक बघेल नामक युवक धारदार हथियार लेकर आने-जाने वाले लोगों को धमका रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दीपक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से स्टील का धारदार चाकू जब्त किया है।

### फूल तोड़कर घर लौट रही बुजुर्ग महिला से चेन स्नेचिंग

**भिलाई।** फूल तोड़कर घर लौट रही बुजुर्ग महिला की अज्ञात बाइक सवार ने गले पहनी मंगल सूत्र को पार कर दिया। आसपास के लोगों को वृद्धा चिल्लाती रही लेकिन तब तक बाइक सवार फरार हो गया था। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ 304 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-8 ब्लॉक 1 क्वार्टर नं. 1/बी निवासी पवन कुमार सिंह ने शिकायत किया है कि शनिवार की सुबह घर पर सोए हुए थे। सुबह 6 बजे उनकी माता 7 वर्ष की विमला सिंह उठी और वाकर लेकर टहलने निकली थी। टहलने के बाद वो स्ट्रीट में लगे कनेर फूल पूजा के लिए तोड़कर घर लौट रही थी। इस दौरान एक काले रंग की बाइक में अज्ञात युवक कान में सोने की बाली पहना हुआ था। युवक ने विमला सिंह के बगल में खड़ा किया और उनके गले से मंगलसूत्र को छीन कर फरार हो गया। इसके साथ सोने की मोती पड़ी थी। वर्तमान के उसकी करीब कीमत डेढ़ लाख रुपए से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने 35 हजार का ही बताया है।

### किसान के मकान का ताला टूटा, जेवरात पार

**भिलाई।** किसान के मकान में ताला जड़कर बेटे के यहां गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत सोना चांदी के जेवरात पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ज्ञात के खिलाफ धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि ग्राम मालूद निवासी बद्री प्रसाद पारकर मकान में ताला जड़कर छोटा बेटा शिवेन्द्र कुमार पारकर के यहां स्मृति नगर भिलाई के यहां गए थे। 3 मई की सुबह नौकर ने फोन पर चोरी होने की सूचना दी। परिवार के लोग तुरंत ग्राम मालूद के लिए लौट गए। अज्ञात चोर ने धक्का मारकर दरवाजा का कुंडा तोड़कर भीतर प्रवेश किया। कमरे से हैंगर में टंगे बैग में रखे सोना चांदी के जेवरात 20 ग्राम पुरानी इस्तेमाली और नगद 7 हजार रूपये कुल 47 हजार रुपए का सामान गायब मिला। परिजनों ने मकान के आसपास खोजबीन कर सामान नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराया गया है।

# ब्रह्माकुमारी के समर कैंप में आत्मिक जागरूकता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बेमेतरा में दस दिवसीय समर कैंप हम होंगे कामयाब 4 का शुभारंभ शनिवार को दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रहलाद रजक (अध्यक्ष, रजककार विकास बोर्ड), रामकृष्ण साहू (पुलिस अधीक्षक, बेमेतरा), कमल कपूर बंजारे (जिला शिक्षा अधिकारी), निवेदिता जोशी (अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति), झामिन साहू, सारिका शर्मा (प्राचार्य, अम्बो स्कूल) एवं लक्ष्मी साहू (सदस्य, बाल कल्याण समिति) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बच्चों ने स्वागत नृत्य एवं जल संरक्षण विषय पर भावनात्मक नाट्य प्रस्तुति दी, जिसे सभी अतिथियों ने सराहा। बीके सुनीता ने स्वागत भाषण में कहा कि सशक्त भारत के निर्माण की नींव बच्चों के चरित्र और संस्कारों से रखी जाती है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों को न केवल सृजनात्मकता, अनुशासन और व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा, बल्कि आत्मिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों की सीख भी मिलेगी। अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों के व्यक्तित्व विकास, मानसिक स्वास्थ्य और अभिभावकों की भूमिका पर विशेष जोर दिया। निवेदिता जोशी ने कहा कि प्रतियोगिता की दौड़ में बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें, बल्कि उनकी प्रतिभा को पहचानें और उन्हें प्रोत्साहित करें। वहीं सारिका शर्मा ने इसे बच्चों की आत्म-खोज का सुनहरा अवसर बताया।

### जलसंरक्षण पर नाटक का शानदार मंचन



#### नैतिक उत्थान की प्रेरणा की दी जा रही

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने ब्रह्माकुमारी संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान बच्चों को सही दिशा देने में अग्रणी है। झामिन साहू ने राजयोग साधना को बच्चों में एकाग्रता और आत्मबल बढ़ाने वाला बताया। बीके शशि ने कहा कि यह समर कैंप बच्चों के जीवन में संस्कारों, नैतिकता और आत्मिक उत्थान के बीज बोएगा। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि राष्ट्र का सच्चा निर्माण कक्षा में होता है, न कि संसद में। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने दी चेतावनी, अधूरी जानकारी बर्दाश्त नहीं

# खेड़ा के समाधान शिविर में 2641 आवेदनों का निराकरण व सौगात की बारिश से ग्रामीण खुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

सुशासन तिहार-2025 के तहत, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने सोमवार को नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत खेड़ा में आयोजित समाधान शिविर में भाग लिया। यह शिविर राज्य सरकार के तीसरे चरण के तहत आयोजित किया गया, जिसमें जिले के तीन जनपद पंचायतों बेरला, साजा और नवागढ़ के 13 ग्राम पंचायतों की समस्याओं का समाधान किया गया।

इस शिविर में कुल 2,641 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका समाधान विभागीय अधिकारियों द्वारा गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया गया। शिविर के दौरान खाद्य मंत्री ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि आज सरकार और प्रशासन आपके द्वार पर आकर आपकी समस्याओं ▶▶| शेष पेज 13 पर



### अधूरी जानकारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी

खाद्य मंत्री श्री बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान शिविरों में वे पूरी तैयारी के साथ आएं और अपने विभागों की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दें। उन्होंने कहा कि शिविर में अधूरी जानकारी देना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि आम जनता को योजनाओं के लाभ के बारे में पूरी जानकारी मिले।

### समाधान शिविर में विधायक साहू ने अधिकारियों को दी हिदायत



**बेमेतरा/थानखम्हरिया।** ग्राम कन्हेरा में आयोजित समाधान शिविर में साजा विधायक ईश्वर साहू ने अधिकारियों को सरकार के आदेशों का पालन करने और जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि सरकार बदल गई है, लेकिन अधिकारियों की कार्यशैली में कोई बदलाव नहीं आया है। अब उन्हें जनता की समस्याओं को गंभीरता से हल करना होगा। कार्यक्रम में साजा विधायक ▶▶| शेष पेज 13 पर

# परपोड़ा में रेत का अवैध खनन टीम बनाकर की जाएगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को पक्के मकान देने के लिए राज्य सरकार केंद्र की मदद से पूरे जोश और समर्पण के साथ कार्य कर रही है। हालांकि, इस योजना को रेत माफियाओं की कुदृष्टि से गंभीर खतरा पैदा हो गया है। परपोड़ा ग्राम पंचायत के पास स्थित शिवनाथ नदी के घाट पर अवैध रेत खनन की गतिविधियाँ तेज़ हो गई हैं, जो इस योजना को नुकसान पहुंचा सकती हैं। शिवनाथ नदी के परपोड़ा घाट पर रात के समय अवैध खनन किया जा रहा है। यहां बड़ी मात्रा में रेत का भंडारण किया जा रहा है, जिसे बाद में बरसात के दौरान भारी कीमत पर बेचा जाएगा। इससे गरीबों को मकान बनाने में दिक्कत होगी और राज्य सरकार को रॉयल्टी का नुकसान भी होगा। यह अवैध खनन कार्य आचार संहिता के बावजूद जारी है, जो हाल ही में फिर से रफ्तार पकड़ चुका है।

- अनुविभागीय अधिकारी बेरला दीप्ति वर्मा ने दी कड़ी कार्रवाई का आश्वासन

स्थानीय मजदूरों के जरिए इस खनन कार्य को अंधेरे में रात 8 बजे से सुबह तक ▶▶| शेष पेज 13 पर

# गोस्वामी समाज के आदि शंकराचार्य जयंती समारोह में डिप्टी सीएम पहुंचे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/बेमेतरा

छत्तीसगढ़ सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा भगवान श्री आद्य जगतगुरु शंकराचार्य की जयंती उत्सव शहीद स्मारक जय स्तंभ चौक के पास आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव, महापौर मीनल चौबे, महंत डॉ. रामसुंदर दास और महंत विवेक गिरी जैसे गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने अपने संबोधन में आद्य शंकराचार्य के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शंकराचार्य ने सनातन धर्म और अद्वैत वेदांत के माध्यम से पूरे भारत को एक सूत्र में बांधा। उन्होंने समाज के लोगों से शंकराचार्य के आदर्शों और जीवन मूल्यों को जीवन में उतारने की अपील की।

- शंकराचार्य के योगदान का सनातन धर्म सर्दैव ऋणि रहेगा

महंत रामसुंदर दास ने कहा कि यदि शंकराचार्य का योगदान न होता, तो शायद सनातन धर्म की सुरक्षा संभव नहीं थी। वहीं महंत विवेक गिरी ने शंकराचार्य के अवतरण का महत्व बताते हुए कहा कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए उनका योगदान अनमोल है। कार्यक्रम में मीनल चौबे, महापौर रायपुर ने आयोजन की सराहना की और बताया कि यह सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसे समाज ने बड़े धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों और अच्छे अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया। इस भव्य आयोजन में महंत सुरेंद्र पुरी गोस्वामी, महंत हरभूषण गिरी, महंत विनोद पुरी सहित कई प्रमुख समाजसेवी और पदाधिकारी उपस्थित थे।






## अपराध समीक्षा बैठक में सुशासन तिहार की शिकायतों पर हुई चर्चा

# जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दें : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना व चौकी प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सुशासन तिहार 2025 के तहत प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान एवं कानून व्यवस्था की मजबूती पर विशेष चर्चा हुई।

एसएसपी साहू ने स्पष्ट रूप से कहा कि आम जनता की समस्याओं का समाधान ही पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित भ्रमण कर जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। फरियादियों की शिकायतें धैर्यपूर्वक सुनने, महिलाओं व बुजुर्गों से सम्मानजनक व्यवहार करने, तथा समाधान शिविरों में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया।



बैठक में नवप्रवर्तित तीन आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा संहिता, व भारतीय साक्ष्य अधिनियम – के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया। समयबद्ध विवेचना, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी एवं स्थायी वारंट की तामीली को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। अवैध शराब, सट्टा, जुआ, गांजा, नशीली दवाएं एवं साइबर अपराधों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश देते हुए एसएसपी ने ऑपरेशन मुस्कान को और प्रभावी बनाने की बात कही। साथ ही, सड़क सुरक्षा, नाइट पेट्रोलिंग, कम्यूनिटी पुलिसिंग, विजिबल पुलिसिंग और आधुनिक तकनीक आधारित सशक्त ऐप, त्रिनयन ऐप, साइबर प्रहरी अभियान के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू, डीएसपी राजेश कुमार झा सहित जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारी अधिकारी एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को सराहा

**भिलाई।** बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा सेवानिवृत्त अधिकारियों के दीर्घ सेवा व उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान समारोह का आयोजन प्रगति भवन में किया गया। सेफी चेयरमेन और ओए के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह,कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, उपाध्यक्ष तुषार सिंह, अखिलेश मिश्रा, सचिव संजय तिवारी, जेपी शर्मा उपस्थित थे।

ओए द्वारा शशि चंदू, जीएम (ओएनएम), शही राम जाखड़, डीजीएम (एचआर), विष्णुकांत साहू, एजीएम (एफएंडए), केएसएएन मूर्ति, एजीएम (ईएमडी), शकील अहमद खान, एजीएम (बीआरएम), वसंत कुमार आर पी, सीनियर मैनेजर (एचआर) रामचंद्र अडिल, सीनियर मैनेजर (आरईडी) का सम्मान किया गया। सभी कापौधे और सम्मान राशि प्रदान कर किया सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्तों सेवा काल के अनुभवों को बांटा। श्री बंछोर ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को उनके स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जो उपलब्धियां हासिल की थी उन उपलब्धियों को हासिल करने में आप जैसे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों का अहम योगदान है। परविन्दर सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के सेवाकाल के उत्कृष्ट कार्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन ओए जोनल प्रतिनिधि राकेश सिंह ठाकुर ने किया। इस अवसर पर रेमी थामस, अभिषेक कोचर, अमित कुमार सिन्हा, विजय कुमार देशमुख, बी एस मान, शैलेश कुमार मालवीय एवं एक्स ओए से जे बी पाटिल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी गण उपस्थित थे।

### पीएम आवास के लिए निकली लॉटरी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में अक्षय तृतीया के अवसर पर लॉटरी का आयोजन किया गया। जो हितग्राही पहले से आवेदन जमा किए हैं। मकान के लिए 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा किए हैं। उनको लॉटरी में शामिल किया गया। इसमें 27 पात्र हितग्राहियों को ड्रा के माध्यम से उनका मकान नंबर उन्हें प्राप्त हो गया है। सुनीता बेलदार ने बताया कि अक्ति तिहार के दिन उन्हें मकान मिला है।

# बदली परिस्थितियों में यूनियन नेताओं को लीडरशिप के दिए टिप्स

## इंटक कार्यालय में स्थापना दिवसः नेतृत्व विकास पर हुआ सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस इंटक का स्थापना दिवस पर यूनियन के सेक्टर 3 कार्यालय मनाया गया1 इस अवसर पर दत्तोपंत ठेंगड़ी राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड द्वारा लीडरशिप डेवलपमेंट पर सेमिनार आयोजित किया। इसमें कर्मियों को वर्किंग और जागरुकता के टिप्स दिए गए। रीजनल डायरेक्टर पीएन साह सहित यूनियन नेताओं ने विचार व्यक्त किए।

इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि देश की आजादी के बाद श्रमिकों के अधिकारों के लिए जितने भी कानून बनाए गए उसमें इंटक यूनियन की महत्वपूर्ण भूमिका रही 1 उन्ही श्रम कानूनो के कारण श्रमिक वर्ग का जीवन स्तर बेहतर हुआ 1 वर्तमान में डॉ जी संजीवा रेड्डी के नेतृत्व में पूरे देश में इंटक यूनियन लगातार श्रमिकों के इन अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष कर रही है। 'लीडरशिप डेवलपमेंट 'पर सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर शाह द्वारा यूनियन नेताओं को नेतृत्व विकास की बारीकियां बताई गई। आधुनिक प्रबंधन के गुंण, जीवन को बेहतर बनाने के तरीके व आधुनिक परिस्थितियों में संगठन को बेहतर बनाने तथा एक लीडर को अपने फॉलोवर्स का विश्वास कैसे बनाए रखना है इन सब विषयों पर जानकारी दी गई।




### कर्मियों के अधिकारों के लिए किया जागरुक

सेमिनार से बदली हुई परिस्थितियों में कैसे लीडरशिप की जाए,कर्मचारियों को अधिक से अधिक उनके अधिकार , लाभ व सुविधाए दिला सके इसकी भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संतोष किचलू ,एस रवि, अतिरिक्त महासचिव शेखर कुमार शर्मा, सहायक कोषाध्यक्ष आर सुमन, उपाध्यक्ष अजय कुमार मार्टिन गिरिराज देशमुख महासचिव रमाशंकर सिंह धनेश प्रसाद वरिष्ठ सचिव राजकुमार ज्ञानेंद्र पांडेय रेशम राठौर सचिव गणेश कुमार सोनी डी शंकर ताम्रध्वज सिंहा, राजकुमाक, किशोर प्रधान, जय किशोर ब्रहे, विंसेंट परेरा, राकेश तिवारी, विजय विश्वकर्मा, आरिफ मंजर व जितेंद्र कुमार अग्रवाल आदि पदाधिकारियं सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## बारिश में फिर टापू बन जाने की फिक्र के साथ उद्घाटन पूर्व तन गए कई कब्जे

# निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर के सैकड़ों ट्रांसपोर्टर दोततरफा समस्या से जूझ रहे


## ननि कमिश्नर व जल संसाधन ईई से ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने की कब्जामुक्त व जल्द निर्माण की मांग


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

निर्माणाधीन ट्रांसपोर्टनगर हथखोज में सैकड़ों ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों को दोतरफा समस्या से जूझना पड़ रहा है। हर साल बारिश में विकट समस्या बने औद्योगिक क्षेत्र से लगे ट्रांसपोर्टनगर का नवनिर्माण 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। लेकिन इस बड़ी सौगात के साथ ही सैकड़ों ट्रांसपोर्टरों की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है। करोड़ों के ट्रांसपोर्ट नगर के विकास के साथ ही साथ अवैध कब्जों की समस्या बढ़ती जा रही है। ट्रांसपोर्टरों को महीनेभर बाद शुरु होने वाले बारिश के मौसम में फिर अत्यधिक परेशानी का सामना करने की भारी चिंता सता रही है। इस मामले में जिम्मेदार एजेंसियां उदासीन बनी हुई हैं।

गौरतलब हो कि वर्ष 1992 में एमजी मार्केट के पावरहाउस जीई रोड के किनारे अपनी सैकड़ों ट्रकें और ट्रेलर आदि वाहन खड़े कर व्यवसाय करने वाले ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की सुविधा के लिए औद्योगिक क्षेत्र हथखोज में ट्रांसपोर्टनगर शिफ्ट किया गया था। तत्कालीन साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल के कार्यकाल में साडा द्वारा ट्रांसपोर्टनगर को आगे विकसित करने का ऐलान किया गया था। लेकिन साडा भंग हो जाने और नगर निगम की निष्क्रियता से पिछले कई साल से यह ट्रांसपोर्टनगर समस्याओं के साथ बारिश में टापू बन जाता है। पानी में ट्रकें डूबने और दलदल में गाड़ियां फंसने की विकट समस्या को देखते हुए ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों की मांग पर तीन साल पूर्व निगम द्वारा फेस 1 व 2 में ट्रांसपोर्टनगर के विकास की योजना शुरु की गई। तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल ने इसका भूमिपूजन किया था। धीमे निर्माण कार्य के बाद अब ट्रांसपोर्टनगर विकास योजना का अस्सी फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। लेकिन यहां व्यवसायियों महीनेभर बाद शुरु होने वाले वर्षा के मौसम तक ट्रांसपोर्टनगर के पूर्ण होने की चिंता और फिर से भारी दिक्कतों के साथ अवैध कब्जों की भरमार की समस्या से जूझना पड़ रहा है। निगम व जल संसाधन की जमीन पर चारों तरफ आम और पेशेवर कब्जाधारियो के दुकानों आदि कब्जों से लाखों की टैक्स चोरी के साथ जाम लगने, दुर्घटना और रोज विवाद की समस्या आम हो चली है। छग ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि निगम के कमिश्नर और जल संसाधन विभाग शिवनाथ मंडल के ईई से मिलकर ज्ञापन में सैकड़ों कब्जों को हटाने व बारिश पूर्व निर्माण पूर्ण करने की मांग की गई है। पहले ट्रांसपोर्टरों को वर्षों से अविकसित ट्रांसपोर्टनगर और अब अवैध कब्जों से जाम व टैक्स चोरी की दोतरफा समस्या से जूझना पड़ रहा है।









### कब्जाधारियों ने किराए पर उठा दीं दुकानें

ट्रांसपोर्टनगर फेस 1, 2 में कब्जेधारियों ने जगह जगह कब्जे कर दुकानें तान ली हैं। इनमें कर्मशियल और आम कब्जेधारी दोनों शामिल हैं। पेशेवरों ने कब्जा कर दुकाने किराए पर उठा रखी हैं। फेस 1.2 में कई अतिक्रमण सहित नहर नाली के बाजू में लाइन से ग्रीन बेल्ट पर भी लाइन से कब्जे कल लिए हैं। ट्रांसपोर्टरों ने बताया कि अतिक्रमण वाले स्थानों पर विभिन्न दुकानें, शेड व टिन लगाकर पट्टा कमानी दुकाने, मैकेनिक, गाड़ी रिपेयर शांप, टायर पंचर सेंटर,चाय, नाश्ते ठेले आदि खोल लिए गए हैं। ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने बताया कि पेशेवरों ने टिन लगाकर दुकानें हजारों रुपए में किराए पर दे रखीं हैं। जबकि वैध ट्रांसपोर्टरों की दुकानें खाली पड़ी, हम शासन को करोड़ों का टैक्स दो रहे हैं। विदित हो कि ट्रांसपोर्टनगर मध्यभारत का सबसे बड़ा ट्रांसपोर्ट केंद्र है, जहां से रोज दो हजार ट्रकें, हाइवा आदि गाड़ियों का देशभर मेंआवागमन होता है।

### ट्रांसपोर्टरों ने कमिश्नर व ईई को बतायी समस्या

छग ट्रक ट्रेलर एसोसिएशन के बैनर तले ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने जल संसाधन विभाग दुर्ग के कार्यपालन अभियंता और भिलाई चरोदा ननि के कमिश्नर से मिलकर जल्द समस्या के निदान की मांग की है। रोड जाम और आए दिन विवाद से निजात दिलाने के लिए ट्रांसपोर्टनगर फेस एक व फेस दो सहित ग्रीन बेल्ट की जमीन को कब्जे हटाने के साथ बड़ी नहर में स्थिति दुघर्टना का कारण बनी बड़ी व छोटी पुलिया की जगह नई पुलिया निर्माण किए जाने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि कब्जों से शासन व ट्रांसपोर्टरों दोनों को परेशानी व नुकसान हो रहा है। दोनों जर्जर पुलिया से दिनभर भारी वाहन गुजरते हैं, पुलिया टूटने से दुर्घटना हो सकती है। ईई ने दिवाली तक नई पुलिया निर्माण का भरोसा दिलाया है। प्रतिनिधि मंडल में एसो. के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल में कार्यकारी अध्यक्ष जसवंत सिंह सैनी संरक्षक रामनिवास पांडे सहिद सुखचैनसिंह सुखा, बलजिंदर सिंह, पंकज सेठी ,सुरजीत सिंह सैनी, इंद्रजीत सिंह सैनी, सीता सिंह,शंभूनाथ बैठा ,हरनेक सिंह ,हरेंद्र यादव, विजेंद्र शर्मा ,हनुमान शर्मा शामिल थे।

# एनजीओ और वृद्धाश्रम खोलने का झांसा देकर 25 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- पीड़ित को 25 करोड़ रुपए मिलने का वायदा किया
- आरोपी पुलिस गिरफ्त में

एनजीओ और वृद्धा आश्रम खोलने का झांसा देकर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मनेन्द्र साहू ने 15 अक्टूबर 2024 को पुलिस में शिकायत किया था। गिद्दलूरी जिला प्रकाशम आन्ध्राप्रदेश निवासी एम प्रकाश कुमार ने वृद्धा आश्रम व एनजीओं खोलने पर 25 करोड रूपये मिलने का झांसा देकर प्रोसिंग शुल्क, रजिस्ट्रेशन के नाम पर अलग-अलग किस्तों में 25 लाख रुपए लेकर ठगी किया गया। प्रकरण में आरोपी एम प्रकाश कुमार पुलिस से लुक छिप रहा करता था। जिसकी तलाश में पुलिस जुटी रही। आरोपी को पकड़ने के लिए नेवई पुलिस ने टीम बनाकर आरोपी एम प्रकाश को पकडने आन्ध्राप्रदेश रवाना किया गया। जहां से पूछताछ के लिए आरोपी को थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर ठगी करना स्वीकार किया। आरोपी एम प्रकाश को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। कार्रवाई में ट्रेनी आईपीएस राहुल बसंल, निरीक्षक आनंद शुक्ला समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

# गांजा बेचने वाले दो लोगों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** गांजा तस्करी करते महिला और पुरुष को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बीएसपी गेट मौहारी मरोदा नर्सरी के पास गांजा बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस ने घेराबंदी कर जूपीटर स्कुटी में खडा होकर गांजा बेच रहे बीआरपी चौक माहौरी मरोदा निवासी एम कामेश राव को पकड़ा गया। कामेश के वाहन की डिक्की से 1.280 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उक्त गांजा को मौहारी मरोदा निवासी प्रभुनाथ सिंह, यशोदा सिंह के घर लाकर बेचना बदाया है। इसके अलावा प्रभुनाथ सिंह के घर भी जाना स्वीकार किया। लेकिन प्रभुनाथ फरार था, उसके घर की तलाशी लेने पर यशोदा सिंह के पास से 3.452 किलो गांजा जब्त किया। यशोदा सिंह से पूछताछ करने पर पति प्रभुनाथ सिंह द्वारा गांजा लाकर घर पर रखकर बेचना स्वीकार किया। गांजा 37 हजार 600 रुपए, जूपिटर 40 हजार आंकी गई है। कार्रवाई में ट्रेनी आईपीएस राहुल बंसल समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### बीएसपी एक्स ओए की बैठक, लंबित मुद्दों पर चर्चा

**भिलाई।** एक्स-ओए की सामान्य सभा की बैठक ओए बिल्डिंग में संपन्न हुई। अध्यक्षता अध्यक्ष सरोज रंजन दास ने की। बैठक में सेवानिवृत्त बीएसपी अधिकारियों के लंबित मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में 11 महीने के भत्ते के बकाया भुगतान में देरी, ईपीएस 95 पी और सेल मेडिक्लेम स्कीम आदि समस्याओं को जल्द सुलझाने की मांग सदस्यों ने की। श्री दास ने सेल मेडिक्लेम योजना के कुछ पहलुओं में संशोधन के लिए सेल अध्यक्ष से की गई अपील व दिल्ली उच्च न्यायालय में ग्रेच्युटी का मुद्दों की जानकारी दी।सेफी के अध्यक्ष श्री बंछोर ने आश्वस्त किया किप्रबंधन के साथ दैनिक आधार पर भत्तों के मुद्दे पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप प्रबंधन द्वारा 31 मई तक सभी मौजूदा आवेदकों को भुगतान पूरा करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। बैठक में जेबी पाटिल, आरबी गुप्ता, आरएस. श्रीवास्तव, एस बर्धन, एनके देवांगन, बीएल खोबरागड़े आदि उपस्थित थे।

## सुरडुंग में पार्षद निधि से बोर खनन पेयजल संकट से मिली राहत



- नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ने पानी की बर्बादी रोकने की अपील

**भिलाई।** नगर पालिका परिषग जामुल के वार्ड 20 सुरडुंग में पार्षद निधि से बोर खनन किया गया। इस दौरान नगर पालिका के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने श्रीफल तोड़कर खनन कार्य का शुभारंभ किया। ठाकुर ने कहा कि गर्मी के समय भूजल स्तर गिर जाने से पेयजल की संकट की समस्या बनी रहती थी। इसे देखते हुए परिषद की सदस्य शांति टंडन के निधि से यह बोर कराया जा रहा है। इससे वार्ड के लोगों को पर्याप्त पेयजल की समस्या दूर होगी। वार्ड की जनता से अपील है कि पेयजल का सही उपयोग करें और पानी की बर्बादी से बचें। आयोजित कार्यक्रम में पार्षद शांति टंडन, संजय शर्मा, राज कुमार, उमेंद वर्मा समेत अन्य मौजूद थे।

## ऑपरेशन सुरक्षा में 1500 चालकों को दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई




- दो पहिया वाहन चालको को हेलमेट
- चार पहिया चालको को सीट बेल्ट

सड़क हादसों को रोकने के लिए ट्रैफिक पुलिस सुरक्षा अभियान शुरु किया है। जिसके तहत दो पहिया हेलमेट, चार पहिया सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य किया है। दोनों सुरक्षा के लिहाजे से बेस्ट है। हादसों के समय चालको को यहीं बचाया करता है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि बिना हेलमेट बाइक सवार का चालान कर हेलमेट वितरण किया गया। 10 प्रमुख चौक चौराहे पर सुरक्षा अभियान चलाकर 1500 वाहन चालकों को समझाइश दी गई। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा जिले की ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सड़क के 4 प्रमुख बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें सड़को एवं चौक चौराहे की अभियांत्रिकी त्रुटि को दूर करना, सड़कों से अतक्रिमण अवैध कब्जा को हटाना, सड़क दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण,लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करना प्रमख है। वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना है। ट्रैफिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा जिले के 10 प्रमुख चौक चौराहों को चिन्हित कर वहां से गुजरने वाले वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं कर रहे है। उन्हें रोक कर समझाइए भी दी गई है। तीसरे दिन नगर निगम दुर्ग के साथ मिलकर ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से इंदिरा मार्केट से अवैध निर्माण व सड़क से अतक्रिमण हटाने का कार्य किया जा रहा है।

## सुशासन तिहार में अतिक्रमण की शिकायत करने वाले को धमकाया, मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सुशासन तिहार में नगर निगम भिलाई के हुडको वार्ड में अतिक्रमण की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता को भारी पड़ा। उसे मोहल्ले और आसपास के लोगों ने ही धमकाना शुरू कर दिया है। बात हाथापाई तक पहुंच गई है। इसे लेकर रविवार को पूरे दिन बवाल मचा रहा। दरसल हुआ यूं कि शिकायकर्ता ने सुशासन तिहार में वार्ड में अतिक्रमण से जुड़ी शिकायत की। इस पर निगम ने अतिक्रमण से जुड़े सारे पक्षकारों से नोटिस भेज दिया। नोटिस में शिकायतकर्ता के नाम का भी उल्लेख कर दिया। इसके बाद लोगों ने शिकायतकर्ता को घर पहुंचकर धमकाना शुरू कर दिया। इसके बाद से शिकायतकर्ता खासा भयभीत है। उसने बताया कि कि अवैध कब्जों की भरमार है। धड़ल्ले से कब्जे हो रहे हैं। इसके बाद नगर पालिका निगम भिलाई जोन क्रमांक 5 के सहायक राजस्व अधिकारी ने सभी को नोटिस जारी किया है। इसे लेकर शिकायतकर्ता ने बताया कि सभी नोटिस पर शिकायतकर्ता का नाम का भी उल्लेख गलत है। अब सभी अवैध कब्जे धारी एकजुट होकर शिकायतकर्ता के घर जाकर उसको धमका रहे हैं। बताया जाता है कि ऐसे 100 से ज्यादा लोगों को नोटिस भेजा गया है।

## यात्रियों को आने-जाने में खासी दिक्कत, नागपुर मार्ग में मुसाफिरों से हो रही वसूली

# ट्रेनों के रद्द होने से यात्री परेशान, एसी-स्लीपर कोच में जनरल कोच जैसी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



रेलवे ने यात्री ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है। इसका खासा असर मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे मार्ग से गुजरने वाली ट्रेनों में देखा जा रहा है। इस भीषण गर्मी के बीच रविवार को यात्री खासे परेशान दिखे। मजबूरी में उन्हें जनरल टिकट लेकर एसी और स्लीपर कोच में सफर करना पड़ा। इसके एवज में उन्हें 500 से 1000 रुपए तक का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा। नागपुर मार्ग में यात्रियों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। बता दें कि गर्मी की छुट्टियों, शादी-ब्याह का सीजन होने की वजह से इन दिनों में ट्रेनों में खासी भीड़ है। बता दें कि रेलवे ने तीसरी लाइन और अन्य परेशानियों के कारण कई ट्रेनों को रद्द कर दूसरे रूट से चलाए जाने की तैयारी है। इस दौरान भिलाई-दुर्ग से यात्रा करने वालों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। इसके अलावा ट्रेन का कंफर्म टिकट भी ब्लैक में बेचा जा रहा है। इस तरह की परेशानी यात्रियों के साथ हो रही है। हाल ही में रेलवे ने सूचना जारी की थी, जिसमें कई ट्रेने परिवर्तित मार्गो से चलाया जा रहा है। दक्षिण पूर्व रेलवे के सिकंदराबाद रेल मंडल से महबूबाबाद स्टेशन से जोड़ने के लिए काजीपेट जंक्शन, खेरली सेक्शन के मध्य तीसरी रेलवे लाइन पैच ट्रिपलिंग कार्य किया जा रहा है। इसके लिए ब्लॉक भी लिया जा रहा है, जो कार्य 23 से 29 मई तक किया जाना है। इधर मार्ग से गुजरने वाली सभी ट्रेनें दो से तीन घंटे तक देरी से चल रही हैं।

### परिवर्तित मार्ग से चलाई जा रही ट्रेनें

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कई ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से गुजारा जा रहा है, इस वजह से ज्यादा परेशानी हो रही है, जिन ट्रेनों का रूट बदला गया है, उनमें 5 मई को तिरुनेलवेली जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। 7 मई को एर्नाकुलम जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22816 एर्नाकुलम-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। 11 मई को तिरुनेलवेली जंक्शन से चलने वाली 2620 तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। 14 मई को एर्नाकुलम जंक्शन से चलने वाली गाड़ी संख्या 22816 एर्नाकुलम – बिलासपुर एक्सप्रेस व्हाया पोत्तनूर जंक्शन, इरुगूर जंक्शन एवं कोयम्बत्तूर जंक्शन होते हुए चलेगी। इसी प्रकार 22648 तिरुवनंतपुरम-कोरबा एक्सप्रेस विलंब से रवाना होगी। 24 मई को 22647 कोरबा - तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस विलंब से रवाना होगी। परेशानी को देखते हुए ट्रेनों की सही जानकारी 139 या **www.enquiry.indianrail.gov.in** पर ले सकते हैं।

# सुरक्षा को बनाएं कार्य सांस्कृतिक का मूल आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



बीएसपी के वर्क्स क्षेत्र से जुड़े 141 कर्मियों और अधिकारियों को उत्पादन इकाइयों में उनके सराहनीय योगदान की मान्यता स्वरूप सेल शाबाश योजना श्रेणी-2पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कार समारोह संयंत्र भवन में हुआ, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार मुख्य अतिथि थे। पुरस्कार विजेताओं को प्रशंसा पत्र के साथ 5 हजार रुपये मूल्य के सेलम इस्पात संयंत्र के उत्पादों के उपहार से सम्मानित किया गया। इस वर्ष सेल शाबाश योजना श्रेणी-2 के अंतर्गत सम्मानित किए गए 141 कर्मचारियों में ब्लास्ट फर्नेस, एसएमएस-3, एलडीसीपी, कोक ओवन एवं कोल केमिकल, टीएंडडी, आरएसएम, यूआरएम, पीपीसी, एमआरडी, ईएमडी, आरसीएल, बीआरएम, आरटीएस, एसपीएस, पावर फैसिलिटी, टेलिकॉम, सी एंड आईटी, एचआर, और ईडी सचिवालय सहित वर्क्स ज़ोन के प्रमुख विभागों के अधिकारी व कर्मचारी शामिल थे। राकेश कुमार ने सभी कर्मचारियों से कार्यस्थल पर सतर्कता बनाए रखने का आह्वान किया।

# नई कार्यकारिणी को लेकर भाजपा और कांग्रेस में चल रहा है बैठकों का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग जिले में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के नए जिला अध्यक्षों को बने कई दिन हो गए, लेकिन नई कार्यकारिणी अभी तक गठन नहीं हो पाया है। नई कार्यकारिणी के लिए दोनों राजनीतिक दल कार्यकर्ताओं का मन जानने लगातार बैठक कर रहे हैं। भाजपा की बैठक में सांसद विजय बघेल और विधायक गजेन्द्र यादव और ललित चंद्राकर भी जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक के साथ शामिल हो रहे हैं। वही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर पार्टी के वरिष्ठ जनों को साथ लेकर जगह जगह बैठक कर रहे हैं। राजनीतिक हलकों में उम्मीद की जा रही है कि मई महीने के अंत तक दोनों दल की कार्यकारिणी बन जाएगी। विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बड़ी सफलता मिलने के बाद जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा के दायित्व में परिवर्तन करते हुए सुरेंद्र कौशिक को नए जिला अध्यक्ष का दायित्व भाजपा ने सौंपा। कौशिक नेअध्यक्ष का दायित्व संभालते ही पूरे जिले का दौरा कर मंडलस्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक शुरू की है। बैठक का यह क्रम 10 मई तक चलना है। इन बैठकों में सांसद विजय बघेल, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित होकर कार्यकर्ताओं का मन जानने की कोशिश कर रहे हैं। इन बैठकों में भाजपा ने राष्ट्रीय मुद्दों पर भी फोकस किया है ताकि आम मतदाता तक सिर्फ नेतृत्व का मैसेज सही ढंग से पहुंच जाए।

### जिला कांग्रेस अध्यक्ष लगातार कर रहे हैं जिले का दौरा

अहमदाबाद कांग्रेस चिंतन शिविर से वापस लौटने के बाद दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर लगातार दुर्ग जिले का दौरा कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक ले रहे हैं। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी रहे राजेंद्र साहू और पार्टी के वरिष्ठ नेता भी शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस लगातार चुनावी हार से बाहर निकलकर आने वाली चुनौतियां का सामना करने की तैयारी में लगी हुई है। राकेश ठाकुर इस कोशिश में है कि संगठन में नए और ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को अवसर मिले राकेश ने कहा कि कार्यकारिणी केवल कागजों में नहीं होगी बल्कि मैदानी क्षेत्र में पार्टी की नीतियों के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं की टीम होगी।

## माह अंत तक कार्यकर्ताओं को गठन की है उम्मीद

### मंडल और जिले की बनेगी कार्यकारिणी

जिला भाजपा अध्यक्ष के मंडल दौरे के बाद मंडल और जिला भाजपा की कार्यकारिणी का गठन होगा। प्रदेश संगठन के निर्देश के अनुसार मंडल और जिले की कार्यकारिणी का गठन कर औपचारिक स्वीकृति के लिए सूची प्रदेश कार्यालय भेजी जाएगी। प्रदेश संगठन की अनुशंसा के बाद मंडल और जिलास्तर पर इसकी घोषणा की जाएगी।

### शीघ्र करेंगे गठन




पार्टी से दायित्व मिलने के बाद लगातार मंडल स्तर पर नई कार्यकारिणी को लेकर मंथन जारी है वह रीजन उसे मार्गदर्शन लेकर शीघ्र कार्यकारिणी का प्रस्ताव प्रदेश कार्यालय के अनुमोदन के लिए भेजा जाएगा। **-सुरेंद्र कौशिक,** जिला अध्यक्ष भाजपा

### जारी है मंथन



कांग्रेस को ग्रास रूट पर मजबूत बनाने की दिशा में हर संभव प्रयास किया जाएगा। नई कार्यकारिणी के लिए वरिष्ठ जनों से रायशुमारी जारी है। पार्टी नेतृत्व से सहमति के बाद कार्यकारिणी घोषित होगी। - **राकेश ठाकुर,** जिला अध्यक्ष कांग्रेस

## खबर संक्षेप



### हटरी बाजार में हटाया गया अतिक्रमण

दुर्ग। निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर आज तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई चली। निगम की टीम ने इंदिरा मार्केट क्षेत्र हटरी बाजार लाइन दुकानों के ऊपर टीन सेट अनाज लाइन, पटवा लाइन,चंडी मंदिर क्षेत्र प्रेस सहित टीन सेट सहित त्रिपाल लगाकर बना लिए गए को हटाया गया। इसके अलावा नयापारा चौक में भी अतिक्रमण की कार्यवाही की गई है। सामान बाहर निकाल कर व्यवसाय करने वालों के विरुद्ध समान जब्ती की कार्यवाही की गई है। कल से सामान जब्ती की कार्यवाही होगी। जिसमे किसी प्रकार की सुनवाई के मौका नही दिया जाएगा। अतिक्रमण के कार्यवाही के दौरान बाजार अधिकारी शुभम गोइर द्वारा निगम की टीम के साथ लाउड स्पीकर पर व्यवसाइयों से कब्जे हटाने में सहयोग की अपील कीएकईं दुकानदार स्वयं निकलना शुरू कर दिया। इस दौरान शुभम गोईर, परमेश्वर, ईश्वर वर्मा, शशिकांत यादव सहित निगम की टीम मौजूद रहे।

### जिला अस्पताल को सुविधाओं पर सर्वोच्च स्थान

दुर्ग। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग के सभी 25 जिला अस्पतालों की विभिन्न पैरामीटर के आधार पर उसकी रैंकिंग की गई। इस रिपोर्ट में जिला अस्पताल दुर्ग को प्रदेश में सबसे अच्छा पाया गया। सिविल सर्जन डॉ. हेमंत साहू के अनुसार जरूरी सुविधाओं के आधार पर पैरामीटर निर्धारित किए गए 10 अंक में से दुर्ग जिला चिकित्सालय को 7 अंक प्राप्त कर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में सर्वोच्च स्थान पर रहा। जिला अस्पताल दुर्ग को एनक्यूएएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड), कायाकल्प, लक्ष्य एवं मुस्कान का सर्टिफिकेट प्राप्त है।

### फैक्ट्री में आग लगने से करोड़ों का नुकसान

दुर्ग। सोमनी थाना अंतर्गत रसमड़ा जोरातराई में मारुति नान ओवन फैब्रिक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में शॉर्ट सर्किट से 27 अप्रैल को शाम लगभग 5 बजे आग लग जाने से फैक्ट्री में रखें करोड़ों का कच्चा माल, फैब्रिक रोल एवं तैयार किए गए प्रोडक्ट जलकर राख हो गया।

## अव्यवस्था : उपार्जन से न मिलरों को धान जारी और न संग्रहण में भेजे गए

# लापरवाही से बेमौसम बारिश में भीगा करोड़ों रुपए का धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

धान खरीदी के तीन माह समाप्त होने के कारण मार्कफेड द्वारा जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के अधीन आने वाले सोसायटियों से करीब बीस करोड रूपए के धान का उठाव नही किया गया है। वर्तमान में बारिश का दौर शुरू हो गया हे। ऐसे में करोडों रूपए के धान को भिगने से रोकना चुनौती बन गई हैं। पिछले दिनों हुए बारिश से करोडो रूपए का धान भीग भी चुका है। धान खरीदी के बाद मार्कफेड की जिम्मेदारी हैं कि, सोसायटियों से जल्द उठाव कराया जाए। लेकिन मार्कफेड द्वारा अभी भी करीब 66940 क्विंटल (बीस करोड 75 लाख) धान का उठाव नही कराया गया है। चिल्हर के रूप में रखे इन धान को उठाने मिलर भी रूचि नही दिखा रहे हैं। इधर अफसरों का कहना है कि, शेष धान को सुरक्षित रखने कैंप कव्हर से ढकने के निर्देश दिए है। लेकिन इसके बाद भी तेजी आंधी और बारिश से कैप कव्हर नाकाफी साबित हो रहा हैं। जानकारी अनुसार बेमेतरा जिले में 25900 क्विंटल, बालोद में 37160 क्विंटल और दुर्ग में 3880 क्विंटल धान उपार्जन केन्द्रों में रखा हुआ हैं।

**खास बातें**

- बीस करोड़ रूपए के धान का उठाव नहीं किया गया
- करोड़ों के धान को भिगने से रोकना चुनौती बनी
- चिल्हर में धान उठाने मिलरों की रुचि नहीं

**कैप कव्हर के भरोसे उपार्जन और संग्रहण केन्द्र में रखे गए धान**



### संग्रहण में भी 60 लाख क्विंटल धान जाम

राज्य शासन के निर्देश पर उपार्जन केन्द्रों में खरीदी होने के बाद जिलो के संग्रहण केन्द्रों में भी धान रखे गए है। संग्रहण केन्द्रों में रखे धान को नीलामी किए जाने की तैयारी है। दुर्ग कें संग्रहण केन्द्र में 5 लाख 64920 क्विंटल, बेमेतरा में 2803320 क्विंटल और बालोद में 2622290 क्विंटल धान डंप हैं, जिसकी राशि 18 अरब 57 करोड रूपए से अधिक का धान है। यहां रखे धान की नीलामी की प्रक्रिया राज्य स्तर से जारी है। बहरहाल यहां से उठाव नही कराया गया हैं।

### नीलामी के बाद मिलरों की होगी जिम्मेदारी

मार्कफेड के अफसरों ने बताया कि संग्रहण केन्द्र में रखे धान की नीलामी जैसे है वैसे की स्थिति में हो रही हैं। डीएमओ भौमिक बघेल ने बताया कि, राज्य स्तर से नीलामी की प्रक्रिया चल रही है। नीलामी में भाग लेने वाले मिलर और व्यापारियों ने दर भरे है। नीलामी के बाद धान की उठाव की जिम्मेदारी उन्ही की होगी। हांलाकि उपार्जन केन्द्रों में दुर्ग जिले से धान का उठाव हो चुका हैं। उन्होने बताया कि, बेमेतरा और बालोद जिले से ही उठाव रह गए है। जिसकी जिम्मेदारी वहां के मार्कफेड की हैं।

# मोती कांप्लेक्स के सामने चला निगम का बुलडोजर

**कई व्यापारियों ने खुद हटाया अतिक्रमण**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दूसरे दिन भी इंदिरा मार्केट, मोती कम्प्लेक्स के सामने पुराना सिटी कोतवाली की दीवार से लगी जूते,चप्पल, कपड़ा, मोबाइल दुकान सहित अन्य दुकानों को हटाया गया। साथ ही तहसील क्वार्टर से लगाकर अतिक्रमण कर जूता, चप्पल सहित कपड़ा व मोबइल रिचार्ज दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। इस मार्ग के दोनों तरफ की सड़कें खाली करा ली गई है। व्यवसायी मोती कम्प्लेक्स सड़क क्षेत्र लगभग 65 दुकानों के कब्जाधारी जेसीबी की डर से खुद होकर हटाने लगे।बाजार अधिकारी शुभम गोईर एवं अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर कुमार सहित टीम अमला द्वारा लाउड स्पीकर पर व्यापारियों को लगातार चेतावनी दे रहे थे। दुकानों में रखे इत्यादि बिक्री के सामानों को दुकानदार द्वारा अपने घरों में भेजने तथा बांस बल्ली राड, लोहे की सेट, पान ठेला, चाय दुकान और त्रिपाल लगाकर बना ली गुमटियों व दुकानों को कटर से काटकर एवं अन्य चीजों को भी स्वयं निकलना शुरू कर दिया। नगर निगम के कार्रवाही के मौके पर बाजार अधिकारी शुभम गोइर एवं अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर ने कहा है कि जब दुकानदार स्वयं दुकानें हटा रहे तो निगम अनावश्यक तौर पर उन्हें क्षति पहुंचाने की मंशा नहीं रखता। उन्हें दुकान हटाने का पूरा समय दिया जा रहा है। इधर किसी भी परिस्थिति का सामना करने शासन प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रही। इंदिरा मार्केट मोती कम्प्लेक्स कार्रवाही स्थल पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया था। नगर निगम दुर्ग थाना पुलिस और निगम अधिकारी-कर्मचारी अमला परिस्थितियों पर नजर जमाए हुए थे।

- अभियान के दौरान पुलिस की टीम रही मौजूद

## संगीत महाविद्यालय में आयोजित व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय द्वारा प्रदर्शनात्मक कलाओं के माध्यम से व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यशाला को सुगम संगीत, भरतनाट्यम के आधार बिंदु एवं संवाद सम्प्रेषण पर केन्द्रित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ अजय सिंह, प्राचार्य शासकीय वीवायटी स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग एवं विशिष्ट अतिथि गायक माधव राम सिन्हा उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि श्री सिन्हा, वरिष्ठ प्रतिभागी ममता सोनी, प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने संबोधित किया। नृत्य की आधार मुद्राओं सहित भूमि प्रणाम, शिव स्तुति, श्लोक अभ्यास किया। प्रतिभागियों द्वारा राज गीत, विवि का कुल गीत, सुरेश बारसागड़े और साथियों ने राग भैरव में छोटा ख्याल, सुमन ने साईं भजन तथा अमन, तामेश्वर, कुनाल, कल्याण, पंकज ने फिल्मी गीत प्रस्तुत किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय के कार्यालय प्रमुख यशवंत साहू का रक्तदान जैसे सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

- नृत्य की आधार मुद्राओं का किया गया अभ्यास

## नवनिर्वाचित निकुम सरपंच भागवत ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायत निकुम के पूर्व सरपंच श्रीमती मुक्ति सुधाकर ने एक मई को वर्तमान सरपंच भागवतराम पटेल को चार्ज सौंपा।

सचिव इंद्रजीत महिलांगे ने पूर्व सरपंच के कार्यकाल का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। इस दौरान उप सरपंच सहित बड़ी संख्या में पंच व ग्रामीण मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए सरपंच भागवत राम पटेल ने कहा कि हमारे पूर्व सरपंच श्रीमती मुक्ति सुधाकर द्वारा 28 लाख 52 हजार 343 रुपए 34 पैसे प्राप्त हुआ है। पिछले कार्यकाल में गांव के विकास में उनका अच्छा योगदान रहा । सरपंच श्री पटेल ने मौजूद पंचों से कहा कि ग्रामवासियों ने मतदान कर हम सभी को पंचायत प्रतिनिधि के रूप में चुना है। इसलिए ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करते हुए गांव का विकास करना हम सभी की जिम्मेदारी है । निकुम पंचायत की जनसंख्या लगभग 7000 है। स्वास्थ्य, बिजली, पानी, शिक्षा और अच्छी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देना होगा। ग्रामीण जिस विश्वास के साथ हमें चुना है उसे साकार करना होगा। 5 साल पूरा एक परिवार की भांति सभी पंचों से कंधे से कंधा मिलाकर गांव की परंपरा और विकास की गाथा को बनाए रखने निरंतर कार्य करना होगा।




## ग्रीनवेली के मकान में मिले 50 सिम 100 मोबाइल और आपत्तिजनक दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्रीनवेली के मकान के एक कमरे में कई संदिग्ध वस्तुएं मिलने का मामला सामने आया है। कालोनिवासियों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और दबिश देकर कमरे को सील कर दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक चौहान ग्रीन वैली कॉलोनी के कमरा नंबर ई6, 37 में पुलिस की टीम रविवार रात को पहुंची। जहां से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामान पुलिस ने बरामद किया है। कालोनीवासियों ने पुलिस को संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत की थी। मकान कमल किशोर नायक का है, जो रेलवे कर्मी है। पुलिस मकान मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। खुलासा तब हुआ जब कमल किशोर नायक ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ओएलएक्स और फर्जी ओयो वेबसाइट के जरिए कमरों को किराए पर देने के लिए पोस्ट किया था। पोस्ट में कमरे को 1000 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से किराये पर देने का हवाला किया था। उक्त कमरे में अक्सर नए लोगों को आते-जाते भी देखा गया था। इस पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ। कालोनी के लोगों ने एक महिला को पाइंटर बनाकर कमरे में भेजा। जहां से 14 वर्षीय बालक निकलता है। महिला ने कमरे को किराए में लेने की बात बालक से कहती है। उसके बाद कमरा का दरवाजा खुलते ही कालोनी के लोग भीतर घुस गए।

### रेलवे कर्मी संदेह के घेरे में



बताया जा रहा है कि कमल किशोर नायक का यह कमरा है। उसके कमरे से 100 से अधिक मोबाइल फोन, कंप्यूटर पार्ट्स, युवतियों के बालों के गुच्छे, यूज किए गए कंडोम, मोबाइल की सैकड़ों बैटरियां, 15 से 20 पेनड्राइव, सीडी और डाटा स्टोरेज सामग्री, 1925 से रेलवे दुर्घटनाओं की कटिंग्स समेत कई संदिग्ध दस्तावेज भी बरामद हुआ है। इस दौरान जब मकान मालिक कमल किशोर से पूछताछ की तो खुद को रेलवे कर्मी बताया है। जो बिलासपुर में पदस्थ है। पुलिस ने कमरे में मिली वस्तुओं को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

### सूचना पर पुलिस पहुंची थी

कालोनीवासियों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। मकान को चेक किया गया। मकान मालिक को थाने बुलाकर पूछताछ किया जा रहा है। पुलिस जांच में डुटी हुई है उसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

-सत्य प्रकाश तिवारी,
सीएसपी भिलाई नगर

## पेज 11 के शेष

### खेड़ा के समाधान शिविर ...

का समाधान कर रहा है, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। सभी आवेदनकर्ताओं को यहाँ यह जानकारी दी जा रही है कि उनके आवेदन पर क्या कार्यवाही हुई है।

शिविर में मंत्री श्री बघेल ने विभिन्न लाभार्थियों को योजनाओं के तहत मदद प्रदान की। उन्होंने किसानों को किसान किताब, बुजुर्गों को वायवंदन कार्ड, और पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड, सुकन्या समृद्धि योजना की पासबुक, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के प्रमाण पत्र, और नोनी सुरक्षा योजना के तहत सामग्री वितरित की। मछुआरों को मछली जाल भी दिए गए। इसके अलावा, कक्षा 9वीं और 11वीं के मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया। शिविर में उपस्थित कलेक्टर रणबीर शर्मा, अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, एसडीएम दिव्या पोटाई, और अन्य जनप्रतिनिधियों सहित ग्राम पंचायतों के सरपंच और विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

**1.41 लाख आवेदन मिले, अधिकांश का समाधान : केलक्टर**

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बताया कि जिले में सुशासन तिहार के पहले चरण (8 से 11 अप्रैल) में 1,40,780 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से अधिकांश का समाधान किया जा चुका है। दूसरे चरण में अब तक 99,000 से अधिक आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा चुका है। सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आए हैं, जिनमें से 22,000 आवास स्वीकृत हो चुके हैं और 50,000 आवासों का सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है। अन्य योजनाओं जैसे स्वच्छता मिशन, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन और भूमि सीमांकन के मामलों का भी 100 प्रतिशत निराकरण किया जा चुका है।

### समाधान शिविर में विधायक साहू ...

के साथ भाजपा जिला पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, गोविंद पटेल जिला पंचायत सभापति, देवी परमेश्वर वर्मा जिला पंचायत सभापति, जितेंद्र साहू जनपद पंचायत साजा अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर में 23 विभागों के स्टाल लगाए गए थे, लेकिन केवल चार पंचायतों के लोग ही शिविर में पहुंचे, जिससे व्यवस्थागत कमी दिखाई दी। **सीईओ को लगाई फटकार :** विधायक ने सीईओ टेकचंद अग्रवाल को भी फटकार लगाते हुए कहा कि अधिकारियों को अपने कार्यों को सरकार की नीतियों के अनुरूप चलाना होगा और रविंद्र चौबे की चापलूसी से बचने की सलाह दी। शिविर के दौरान विधायक ने जन समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे समस्याओं को लटकाए नहीं, बल्कि त्वरित समाधान करें। सजा विधायक ने कहा कि जनता ने मुझे विधानसभा भेजा है, तो मेरी प्राथमिकता उनके मुद्दों का समाधान करना है। कोई भी समस्या बिना हल किए नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को कड़ी चेतावनी दी कि यदि उन्होंने लापरवाही दिखाई तो उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस अवसर पर संबंधित विभागों के कर्मचारी और अधिकारी भी उपस्थित थे। बसंत साहू, लोकू वर्मा, रामावतार सिंह राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और कार्यक्रम की सफलता के लिए सुझाव दिए।

### परपोड़ा में रेत का अवैध ...

किया जा रहा है, ताकि प्रशासन की नजर से बचा जा सके। वहीं, गांव के खेतों और कोठारों में रेत का भंडारण भी किया जा रहा है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो रही है। इसकी सूचना मिलने के बाद अनुविभागीय अधिकारी बेरला, दीप्ति वर्मा ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है और जल्द ही टीम बनाकर छापेमारी की योजना बनाई है। हालांकि, इस मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन की सक्रियता और कार्रवाई की गति पर सवाल उठ रहे हैं। यह अवैध खनन न केवल सरकार की योजनाओं को नुकसान पहुँचा रहा है, बल्कि गरीबों को आर्थिक रूप से भी नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कितनी तत्परता से कार्यवाही करता है।

### बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त कराने एसएसपी से मिले व्यापारी

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के बैनरतले व्यापारियों ने नए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान औद्योगिक क्षेत्रों में हो रही चोरी रोकने के लिए नियमित गश्त किए जाने की मांग की गई। साथ ही बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त रखने सार्थक प्रयास की गुजारिश की गई। चेम्बर ने कहा कि बाजारों में सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता किए जाएं।एसएसपी ने सारे विषयों को गंभीरता से लिया। ट्रैफिक के विषय पर भी चर्चा की गई। बाजारों में जाम की स्थिति निर्मित न हो उसके लिए भी व्यवस्था की जाए।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**समस्या : अब 8 मई को निकाला गया तेंदूपत्ता तोड़ाई का मुहूर्त**

# जिले में मौसम की मार के चलते पिछड़ी तेंदूपत्ते की तोड़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले सहित पंडरिया क्षेत्र में इन दिनों लगातार हो रही बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और आंधी तूफान की मार इस बार वनांचल के ग्रामीणों के लिए ग्रीन गोल्ड कहे जाने वाले तेंदूपत्ता पर भी पड़ती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि मौसम की ही बेरूखी के कारण इस बार 1 मई से प्रारंभ होने वाली तेंदूपत्ता की तोड़ाई अब तक शुरू नहीं हो पाई है। अब विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र की सभी चारों समितियों ने 8 मई से तेंदूपत्ता तोड़ाई का मुहुर्त निकाला है लेकिन देखने वाली बात होगी कि क्या इस तिथि में भी मौसम साथ दे पाता है। उल्लेखनीय है कि वनांचल में मुख्य रूप से बीड़ी बनाने के काम में आने वाला तेंदूपत्ता अप्रैल माह के अंत तक तैयार हो जाता है और अमूमन मजदूर दिवस यानी 1 मई से इसकी तोड़ाई भी समितियों द्वारा संग्राहकों के माध्यम से शुरू करा दी जाती है। गौरतलब है कि कबीरधाम जिले का विकासखण्ड पंडरिया, बोड़ला, स. लोहारा तथा कवर्धा की 19 लघु वनोपज समितियों में अच्छी क्वालिटी का प्रचुर मात्रा में तेंदूपत्ता का उत्पाद होता है जिसकी मांग देश के कई बीड़ी उत्पादन करने वाले राज्यों में होती है। ग्रीन गोल्ड कही जाने वाली इस कीमती वनोपज से जहां शासन को करोड़ों के राजस्व की प्राप्ति होती है वहीं जिले के वनवासियों के लिए भी यह आय का एक प्रमुख स्त्रोत है। यहां बताना लाजिमी होगा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद तो तेंदपपत्ता के समर्थन मूल्य में भी अच्छी खासी वृष्टि कर दी गई है और अब तेदूपत्ता संग्राहकों को प्रति मानक बोरा यानी एक हजार तेंदूपत्ता के एवज में 5500 रूपए की राशि दी जाती है जबकि पूर्व में इसका समर्थन मूल्य 4000 रूपए प्रति मानक बोरा निर्धारित था। यही वजह है कि इस बार संग्राहकों में तेंदूपत्ता को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और वे तेंदूपत्ता तोड़ाई के प्रारंभ होने का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि मौसम इन संग्राहकों का साथ नहीं दे रहा है। जिससे न सिर्फ तेंदूपत्ता की तोड़ाई में देरी हो रही है बल्कि इसके उत्पादन में भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।



### बूटा कटाई पर भी नहीं दिया गया समुचित ध्यान

पंडरिया क्षेत्र की लघुवनोपज समितियों की माने तो इस बार तेंदूपत्ता की बूटा कटाई पर भी समुचित ध्यान नहीं दिया गया। जिसका भी उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। यहां बताला लाजिमी होगा कि बूटा कटाई का कार्य समितियों व वन विभाग की निगरानी में तेंदूपत्ता संग्राहकों को ही करना होता है लेकिन संग्राहकों ने व विभाग ने इस पर अपेक्षा के अनुरूप रूचि नहीं दिखाई

### तेंदूपत्ता के उत्पादन पर पड़ा विपरीत प्रभाव

पंडरिया क्षेत्र की लघु वनोपज सेवा सहकारी समितियों के साथ तेदूपत्ता संग्राहकों की माने तो इस बार अप्रैल के बाद मई माह में लगातार हो रही बेमौसम बारिश, ओला वृष्टि तथा आंधी तूफान का बेजा असर तेंदूपत्ता के उत्पादन पर भी पड़ है। उन्होने बताया कि बेमौसम बारिश से जहां तेदूपत्ता में दाने आ गए हैं वहीं ओला वृष्टि से तेंदूपत्ता फट चुके है वहीं तेज आंधी तूफान से पेड़ों के तने टूट गए हैं, जिसका विपरीत प्रभाव उत्पादन पर साफ दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि मौसम की इस मार से जहां सरकार को राजस्व का नुकसान होगा वहीं संग्राहकों को भी अपेक्षा के अनुरूप कमाई नहीं हो पाएगी और और उन्हें तेंदूपत्ता जुटाने के लिए काफी मसक्कत करनी पड़ेगी।

# 15वें वित्त आयोग की राशि वितरण में भाजपा कर रही पक्षपातः छाबड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बेमेतरा कलेक्टर रणवीर शर्मा से मुलाकात कर 15वें वित्त आयोग की राशि को लेकर ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा समर्थित जिला पंचायत सदस्य राशि का उपयोग केवल अपने क्षेत्रों में करना चाहते हैं, जबकि यह राशि पूरे जिला पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए मिली है। छाबड़ा ने कहा कि भाजपा के लोग षड्यंत्रपूर्वक राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं और केवल अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में खर्च की योजना बना रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि राशि का वितरण सभी जिला पंचायत क्षेत्रों में समान रूप से किया जाए, ताकि बेमेतरा जिले का समग्र विकास हो सके। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राशि का निष्पक्ष वितरण नहीं हुआ तो कांग्रेस बड़ा जन आंदोलन करेगी।

कलेक्टर से मुलाकात करने वालों में जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड, सुशीला जोशी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लुकेश वर्मा, प्रभारी महामंत्री ललित विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मिथिलेश वर्मा, जोगिंदर छाबड़ा, देवा गर्ग समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# सड़क हादसे में घायल युवक को विधायक ने पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

सड़क दुर्घटना में घायल युवक को समय पर मदद पहुंचाकर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने एक बार फिर मानवीय संवेदना का उदाहरण पेश किया है। सोमवार को समाधान शिविर से लौटते समय रास्ते में उन्होंने एक युवक को गंभीर हालत में सड़क किनारे पड़ा देखा।

घटना सिंगदेही गांव से लौटते समय सोरला मोड़ के पास की है, जहां पुलिया के नीचे एक अज्ञात युवक दुर्घटनाग्रस्त स्थिति में मिला। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक साहू ने बिना देर किए अपनी गाड़ी रुकवाई और घायल को अपने काफिले के फॉलो वाहन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, बेरला रवाना किया। उन्होंने मौके पर ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से बात कर तत्काल इलाज के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनसेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

घायल व्यक्ति की मदद करना मेरा कर्तव्य था। मैं ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं। साहू ने आम नागरिकों से अपील की कि सड़क पर किसी संकटग्रस्त व्यक्ति को देखकर संवेदनहीन न बनें, बल्कि तत्काल सहायता के लिए आगे आएं। साथ ही उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की भी सलाह दी। प्रशासनिक तत्परता और जनप्रतिनिधि की मानवीय भूमिका को लेकर स्थानीय लोगों ने विधायक के इस कदम की सराहना की है।

## 45 पौवा अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए अवैध शराब की तस्करी बेंचने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विभाग ने आरोपी के पास से 45 पाव कुल 8.1 बल्क लीटर मध्य प्रदेश निर्मित देशी प्लेन मदिरा जप्त की है। जिसका बाजार मूल्य 3600 रुपए आंका गया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत आयुक्त श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विक्रय/ धारण के विरूद्ध 5 मई को आबकारी वृत्त बोड़ला के अंतर्गत ग्राम महलीघाट में गश्त के दौरान अवैध शराब विक्रय एवं धारण की आकस्मिक मुखबिर सूचना पर छतरू मरकाम पिता पचलू मरकाम के निवास पर दबिश दी गई। विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी के मकान से कुल 45 नग पाव मध्य प्रदेश निर्मित देशी मदिरा प्लेन की भरी हुई सीलबंद प्लास्टिक शीशीयां कार्टून पेटी में बरामद की गई।

## खबर संक्षेप

### भलपहरी में भागवत महापुराण का शुभारंभ

**बोड़ला।** ग्राम भलपहरी के दैहान चौक में सोमवार 5 मई से श्री लक्ष्मीनारायण पंच कुंडीय महायज्ञ व भागवत महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ किया गया। इसका समापन 15 मई गुरूवार को किया जाएगा। इस धार्मिक अनुष्ठान के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं 6 मई मंगलवार को वास्तु पूजन, 7 मई बुधवार को अग्नि मंथन, हवन प्रारंभहोगा। 8 मई गुरूवार को श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ की जाएगी। 9 से 11 मई तक हवन पूजा व कथा, 15 मई गुरूवार को चढ़ोत्री, दान दक्षिणा, विशाल भंडारा व विश्राम दिवस होगा। इस बीच 10 मई को स्वर सम्राट पं. शिवकुमार तिवारी का रात्रिकालीन जगराता कार्यक्रम होगा। इस धार्मिक कार्यक्रम के व्यासपीठ (कथा वाचक) पं. भोलेश्वर शास्त्री मौजूद रहेंगे।

### छात्रवृत्ति के लिए 7 मई से शुरू होगा नया पोर्टल

**कवर्धा।** आदिम जाति विकास विभाग छात्रवृत्ति पोर्टल 7 मई से खोलने जा रहा है। अब छात्र-छात्राओं को फॉर्म भरते ही छात्रवृत्ति मिलने लगेगी। नवीनीकरण वाले छात्र-छात्राएं 7 मई से आवेदन करेंगे, उन्हें 15 जून के भीतर ही छात्रवृत्ति की पहली किस्त मिल जाएगी। जून-जुलाई में फार्म भरने वालो को अक्टूबर में और नवीन छात्र जो अगस्त-सितंबर में फॉर्म भरेंगे, उन्हें नवंबर-दिसंबर में ही छात्रवृत्ति मिलना शुरू हो जाएगी। इस नवीन व्यवस्था से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा।

# अब जिले के इन कलस्टर में शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सुशासन तिहार के अंतर्गत 6 मई को ग्राम पंचायत दलदली, कुई एवं दानीघठोली, 7 मई को मई ग्राम पंचायत धमकी एवं सरइसेत, 8 मई को ग्राम पंचायत मजगांव एवं नगर पंचायत पिपरिया।

9 मई को ग्राम पंचायत बाजार चारभाठा एवं देवसरा 10 मई को ग्राम पंचायत पनेका, 13 मई को ग्राम पंचायत रेंगाखार कला, उड़ियाकला, सोमनापुर नया एवं नगर पंचायत सहसपुर लोहारा में आयोजित होगा। 14 मई को ग्राम पंचायत भागुटोला 15 मई को ग्राम पंचायत खारा, मोहतरा खुर्द एवं नगर पंचायत बोड़ला, 16 मई को ग्राम पंचायत गुढ़ा एवं बिडोरा, 17 मई को ग्राम पंचायत बैजलपुर एवं डोमसरा, 19 मई को ग्राम पंचायत बारदी, सिंघनपुरी जंगल एवं नगर पंचायत इंदौरी में आयोजित होगा।

20 मई को ग्राम पंचायत रैतापारा 21 मई को ग्राम पंचायत रवेली कुटकीपारा एवं नगर पंचायत पांडातराई। 22 मई को ग्राम पंचायत महराजपुर, हथमुडी एवं नगर पालिका पंडरिया, 23 मई को ग्राम पंचायत झलमला एवं नगर पालिका कवर्धा, 24 मई को ग्राम पंचायत कुसुमघटा, वीरेंद्रनगर एवं कोलेगांव, 26 मई को ग्राम पंचायत बिरकोना 27 मई को ग्राम पंचायत राजानवागांव, रणवीरपुर एवं प्राणखैरा, 28 मई को ग्राम पंचायत मरका, 29 मई को ग्राम पंचायत पोड़ी एवं 30 मई को ग्राम पंचायत दौजरी एवं सिंघनगढ़ क्लस्टर में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में अनेक विषयों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक गत 4 मई को ग्राम ढोठमा नयापारा में आयोजित की गई। जिसमें बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी तथा किसान उपस्थित थे।

बैठक में मुख्य रूप से किसानो की विभिन्न समस्याओं एवं किसानों के मूलभूत अधिकारों व प्रदेश स्तरीय जैविक अधिवेशन के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही संघ पदाधिकारियों ने आने वाले समय में किसानो की समस्याओं व मांगों को लेकर आने वाले समय में प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जाने को लेकर भी चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रचार प्रमुख संजय साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य अरविंद शर्मा, तहसील अध्यक्ष मूलचंद साहू, उपाध्यक्ष शिव कुमार वर्मा, ईश्वर दास वैष्णव, परस वर्मा, प्रहलाद पटेल, बदरू पटेल, मिथलेश मरकाम, सहदेव साहू, कन्हैया जयसवाल, भगवती साहू, मूर्ति साहू, देवनारायण वर्मा, लोकनाथ साहू, गोवर्धन मेरावी, जगनू साहू, मोहन बिहारी मेंरावी, सुंदर लाल, बनवाली राम, यीमेश मेरावी, लालाराम, गंगा राम, बजरहा, संतराम मरकाम, तहसील मंत्री विजय साहू सहित ग्रामीण ईकाई ढोठमा नयापारा के किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# माकरी में बरगद पेड़ पर अधेड़ ने लगायी फांसी, संदिग्ध अवस्था में मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

जिले के कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम माकरी में सोमवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय ग्रामीणों ने माकरी-दामापुर मार्ग में सड़क किनारे लगे बरगद पेड़ में संदिग्ध अवस्था में एक अज्ञात व्यक्ति का शव फांसी के फंदे में झूलता देखा। हक्के बक्के ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कुण्डा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव फांसी के फंदे से नीचे उतारकर बरामद कर लिया है वहीं पंचनामा पश्चात मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया गया है। लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं की जा सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह ग्राम माकरी के ग्रामीण रोज की तरह अपने घरों से कामकाज के लिए निकले ही थे कि उनकी नजर ग्राम माकरी-दामापुर मार्ग के किनारे लगे बरगद पेड़ में फांसी के फंदे में झूल रही एक अज्ञात ग्रामीण के शव पर पड़ गई। हिम्मत जुटाकर शव के पास गए ग्रामीणों ने मृतक की पहचान करने का प्रयास किया लेकिन वे मृतक की पहचान नहीं कर पाए और उन्होंने इसकी जानकारी तत्काल कुण्डा पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर मृतक का शव बरामद कर लिया। वहीं पंचनामा पश्चात मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। इस संबंध में पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों से पूछताछ भी की लेकिन ग्रामीणों ने कहा कि न तो मृतक ग्राम माकरी का है और न ही आसपास के किसी गांव का है, वह यहां कैसे पहुंचा इस बात की जानकारी भी ग्रामीणों को नहीं है उन्होंने पहली बार इस व्यक्ति मृत अवस्था में ही यहां देखा है। दूसरी तरफ जांच में जुटी कुण्डा पुलिस के मुताबिक मृतक के शरीर में किसी प्रकार के कोई चोट के निशान नहीं पाए गए है और न ही मृतक के पास उसकी पहचान से संबंधित कोई दस्तावेज मिले हैं। ऐसे में पुलिस अब उसकी पहचान कराने में जुटी है। शव की पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### अज्ञात ग्रामीण की मौत संदिग्ध

घटना स्थल की स्थिति परिस्थिति को देखकर यह मामला संदिग्ध जान पड़ रहा है। हालांकि मृतक के शरीर पर किसी प्रकार के कोई चोट के निशान मौजूद नहीं हैं लेकिन ग्रामीणों ने बताया कि मृत का फांसी पर लटका शव जमीन से महज कुछ ही ऊंचाई पर लटका पाया गया है। इसके अलावा बरगद के पेड़ की जिस डाल पर फांसी का फंदा कसा गया है वहां से गले में फांसी का फंदा बांधकर नीचे कूदना भी मुस्किल दिखाई देता है। ऐसे में यह पूरा मामला संदिग्ध जान पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मामले की सूक्ष्म जांचकर कार्यवाही की मांग की है।

**कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं शिविर स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों से किया सीधा संवाद**

# चिल्फी और पोलमी में समाधान शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शासन-प्रशासन अब आमजन की चौखट तक पहुंचकर समस्याओं का समाधान कर रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत सोमवार को कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी और पोलमी में समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं शिविर स्थल पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद किया। शिविर का उद्देश्य जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्रामवासियों तक शासन की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। शिविर में उपस्थित विभागीय अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को सुशासन तिहार में पूर्व में दिए गए आवेदनों के निराकरण की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया, जिससे उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को बेहतर तरीके से समझा जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल ग्राम चिल्फी से समाधान शिविर प्रारंभ किया गया है। चिल्फी क्लस्टर अंतर्गत बोक्करखार, शंभूपीपर, चिल्फी, राजाढार, लूप, शिवानीकला, बहनाखोदरा, मुड़वाही, शीतलपानी एवं झलमला पंचायत के गांव शामिल है। इन गांवों से कुल 1408 आवेदन प्राप्त हुए है। सभी आवेदनों की जांच कर 1397 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान आवेदकों को उनकी समस्याओं के समाधान की जानकारी प्रदान की गई और उनके आवेदन की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। चिल्फी क्लस्टर के दूर-दराज गांवों के नागरिकों ने राज्य सरकार की इस पहल को खुले दिल से स्वीकार किया और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार को धन्यवाद दिया। ग्रामवासियों ने यह भी साझा किया कि पहले उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए लंबा समय इंतजार करना पड़ता था, लेकिन अब सुशासन तिहार से उन्हें तत्काल मदद मिल रही है। ग्रामीणों ने इस कदम को एक बड़ी राहत और उनके जीवन में सुधार लाने वाला बताया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपतिस्थत थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समाधान शिविर में ग्रामीणों से आवेदन की स्थिति, समाधान की प्रक्रिया और योजनाओं के लाभ संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर श्री वर्मा ने यह भी सुनिश्चित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान हो, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।

online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
18 मई, 04 जून, 16 अगस्त, 06 सितम्बर, 05 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411